**भारत सरकार**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2768**

**12 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत पेयजल की आपूर्ति**

**2768. श्री मनीश तिवारी:**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2016 से अब तक चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी मिशन की प्रगति और परिणामों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि अगस्त, 2024 में जोर-शोर से आरंभ होने के बावजूद, चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड (सीएमसीएल) मनीमाजरा में 24x7 स्वच्छ पानी देने में विफल रहा है और निवासियों को प्रतिदिन केवल दो घंटे मैला, न पीने योग्य पानी की आपूर्ति कर रहा है;

(ग) यदि हां, तो इस मुद्दे के समाधान हेतु चंडीगढ़ में अवसंरचनात्मक पहलों को समय पर पूरा किया जाना सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं/किए जा रहे हैं;

(घ) आरंभ से अब तक मनीमाजरा में जलापूर्ति परियोजना हेतु बजटीय आवंटन और व्यय का ब्यौरा क्या है;

(ङ) सीएससीएल की वेबसाइट की कमियों, विशेषकर वर्तमान और पूरी हो चुकी परियोजनाओं के अधूरे ब्यौरे को दूर करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं/किए जा रहे हैं; और

(च) क्या देश में स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की स्वतंत्र बाह्य लेखापरीक्षा अथवा नियंत्रक और महालेखापरीक्षक कार्य- निष्पादन लेखापरीक्षा की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**

**(श्री तोखन साहू)**

(क): शहर द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, 03.12.2024 तक, 1,537 करोड़ रु. की कुल 36 परियोजनाओं में से, 1,475 करोड़ की लागत वाली 34 परियोजनाएँ चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड (सीएससीएल) द्वारा पूरी की जा चुकी हैं। सीएससीएल की प्रगति और परिणाम क्रमशः अनुलग्नक-। और ॥ में दिए गए हैं।

(ख) और (ग): सीएससीएल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) के तहत, मनीमाजरा में 24x7 जलापूर्ति प्रायोगिक परियोजना शुरू की गई है। परियोजना वर्तमान में परीक्षण चरण में है, जिसके दौरान स्थापित प्रणालियों और उपकरणों की कार्य स्थिति का परीक्षण किया जाता है ताकि कार्य निष्पादन का सत्यापन किया जा सके, यदि कोई कमी हो तो उसका पता लगाया जा सके, और यह सुनिश्चित किया जा सके कि घटक वांछित मानकों को पूरा करते हैं। परियोजना ने नीचे उल्लिखित प्राप्त किए जाने योग्य लक्ष्य हासिल किए हैं:

i. विभिन्न क्षेत्रों में आपूर्ति का समय 9 घंटे से बढ़ाकर 18 घंटे कर दिए गए हैं।
ii. 12,700 स्मार्ट जल मीटर लगाने के बाद जल बिलिंग मात्रा 2.5 मिलियन गैलन प्रति दिन (एमजीडी) से बढ़ाकर 3.5 एमजीडी कर दी गई है, जिससे गैर-राजस्व जल (एनआरडब्ल्यू) को कम करने में मदद मिलेगी।
iii. अनधिकृत जल कनेक्शनों की पहचान एवं पृथक्करण।
iv. नागरिकों को पीने योग्य पानी की आपूर्ति की जा रही है, तथा जल की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रत्येक जिला मीटर्ड क्षेत्र (डीएमए) और महत्वपूर्ण स्थानों पर क्लोरीन एनालाइजर लगाए गए हैं।

पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए, चंडीगढ़ नगर निगम (एमसीसी) द्वारा प्रतिदिन पानी के नमूने एकत्र किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, मनीमाजरा के विभिन्न घरों से प्रतिदिन यादृच्छिक रूप से पानी के नमूने लिए जा रहे हैं। नवंबर 2024 में मनीमाजरा में कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है।

(घ): मनीमाजरा जलापूर्ति परियोजना पर बजटीय आवंटन और व्यय अनुलग्नक-III में दिया गया है।

(ङ): सीएससीएल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, सभी पूर्ण और चल रही परियोजनाओं की स्थिति वेबसाइट ( www.chandigarhsmartcity.in ) पर अपडेट की गई है।

(च): एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी) पर तीसरे पक्ष का मूल्यांकन भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) द्वारा किया गया है। क्यूसीआई दो चक्रों में 100 स्मार्ट शहरों में मूल्यांकन कर रहा है - पहला कमियों का पता लगाने के लिए और दूसरा उनके समाधान को सुनिश्चित करने के लिए। चक्र 1 के लिए जमीनी स्तर पर मूल्यांकन पूरा हो चुका है। सभी 100 शहरों के साइबर सुरक्षा ऑडिट के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के मानक परीक्षण और गुणवत्ता नियंत्रण निदेशालय द्वारा स्वतंत्र बाहरी ऑडिट भी किया गया है। कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के तहत, राज्य महालेखा परीक्षक का ऑडिट नियमित रूप से स्मार्ट शहरों के विशेष प्रयोजन तंत्र द्वारा किया जाता है। यह जानकारी केंद्रीय रूप से नहीं रखी जाती है।

*****

**अनुलग्नक-I**

**चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति के संबंध में दिनांक 12.12.2024 को उत्तर दिए जाने हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2768 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी परियोजनाओं द्वारा 03.12.2024 तक पूर्ण की गई परियोजनाओं का विवरण**

| क्र. सं. | परियोजना नाम | कुल लागत (करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|
| 1 | चंडीगढ़ मनीमाजरा में एससीएम के तहत 24×7 जलापूर्ति पायलट परियोजना के कार्य में मौजूदा नेटवर्क का नवीनीकरण, नए नेटवर्क की लाइनें बिछाना जिसमें सिविल, इलेक्ट्रोमैकेनिकल, ईपीसी मोड पर स्मार्ट मीटरिंग स्काडा | 166.06 |
| 2 | चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत डिजाइन, विकास, कार्यान्वयन और स्काडा प्रणाली के रख रखाव के लिए सिस्टम इंटीग्रेटर के चयन के साथ पूरी चंडीगढ़ सिटी के लिए पुनर्चक्रित पानी वितरण नेटवर्क के लिए विभिन्न विश्लेषण उपकरण। | 4.79 |
| 3 | सेक्टर 17, चंडीगढ़ में आईसीसीसी - चरण 2 का कार्यान्वयन – इंटीग्रेटिड कंमाड कंट्रोल संटर में म्युनिसिपल स्काडा इमारत का फिनिशिंग और फरनिशिंग, | 7.35 |
| 4 | चंडीगढ़ में पीपीपी मोड पर डिजाइन, निर्माण, संचालन, वित्त हस्तांतरण पब्लिक बाइक शेयरिंग सिस्टम के लिए एजेंसी की नियुक्ति चरण III और IV | 10.00 |
| 5 | चंडीगढ़ में पीपीपी मोड पर डिज़ाइन, निर्माण, संचालन, वित्त हस्तांतरण पब्लिक बाइक शेयरिंग सिस्टम के लिए एजेंसी की नियुक्ति | 10.06 |
| 6 | सेक्टर 17 में बुजुर्ग और दिव्यांगों के लिए 10 बैटरी संचालित गाड़ी की खरीद, ई रिक्शा | 0.47 |
| 7 | आईसीसीसी का कार्यान्वयन | 333.61 |
| 8 | 4 स्कूलों में कुल 90 स्मार्ट क्लास रूम | 4.83 |
| 9 | स्मार्ट स्कूलों के लिए बुनियादी आधारभूत संरचना का विकास | 0.38 |
| 10 | बुज़ुर्ग के लिए हियरिंग स्क्रीनिंग नागरिक स्वास्थ्य एटीएम के लिए मोबाइल वेन | 0.52 |
| 11 | विभिन्न स्थानों पर वॉटर एटीएम | 0.52 |
| 12 | एबीडी में व्यक्तिगत स्ट्रीट लाइटों की निगरानी | 2.58 |
| 13 | दद्दू माजरा डंप साइट पर पुराने अपशिष्ट खनन | 34.03 |
| 14 | सैनिटरी लैंडफिल साइट का निर्माण और प्रबंधन | 13.44 |
| 15 | चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी के लिए ई-गवर्नेंस के कार्यान्वयन के लिए सिस्टम इंटीग्रेटर का चयन | 13.46 |
| 16 | ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार का उपयोग करके भूमिगत यूटिलिटभ् मैपिंग अन्य गैर-पेनेट्रेटिंग तकनीकें | 5.99 |
| 17 | सामग्री पुनर्प्राप्ति सुविधा और कचरा स्थानांतरण इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण स्टेशन 3 - सिविल कार्य | 16.46 |
| 18 | सार्वजनिक शौचालयों का नवीनीकरण - पैकेज । सेक्टर 17 | 1.41 |
| 19 | सार्वजनिक शौचालयों का नवीनीकरण - पैकेज ॥ सेक्टर 22 | 2.64 |
| 20 | सार्वजनिक शौचालयों का नवीनीकरण - पैकेज ।।। सेक्टर 35 43 | 1.17 |

| क्र. सं. | परियोजना नाम | कुल लागत (करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|
| 21 | 4 स्मार्ट स्कूलों के लिए फर्नीचर की खरीद | 2.85 |
| 22 | सामग्री स्थानांतरण स्टेशन और कचरा पुनर्प्राप्ति सुविधा अवसंरचना निर्माण | 19.63 |
| 23 | स्वच्छ भारत मानक के अनुसार रूट प्रबंधन के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु स्काडा का प्रावधान, संग्रहण में दक्षता, मोबाइल एप्लीकेशन, ठोस अपशिष्ट का दैनिक प्रबंध करना और 5 वर्षों के लिए रख-रखवा और संचालन | 6.40 |
| 24 | मनीमाजरा गांव के छोटी गलियों के भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों के लिए लास्ट माइल कनेक्टिविटी के लिए 1.8-2.0 सह वाह्नों का प्रावधान | 2.12 |
| 25 | सेक्टर – 17 में बुजर्गों और दिव्यांगों के लिए 10 बैटरी संचालित गाड़ी का संचालन और रखरखाव | 0.61 |
| 26 | घर-घर जाकर कचरा संग्रह करने के लिए 3.2 5.0 ग्राबेज हूपर टीप्पर्स वाह्नों की खरीद | 29.66 |
| 27 | चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी की इमारत की फर्निशिंग | 6.76 |
| 28 | सेक्टर 39 वाटर वर्क्स, चंडीगढ़ में कच्चा जल और शुद्ध जल भंडारण क्षमता में वृद्धि | 34.94 |
| 29 | डिग्गियन, क्षेत्र 66, चंडीगढ़ में स्मार्ट सिटी परियोजना के अन्तर्गत डिज़ाइन, निर्माण और प्रचालन में मौजूदा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का पुन:स्थापन और उन्नयन, 1 वर्ष तक डीएलपी प्लस 15 साल तक संचालन और रख-रखाव | 454.21 |
| 30 | रायपुर कलां और रायपुर खुर्द, चंडीगढ़ में स्मार्ट सिटी परियोजना के अन्तर्गत डिज़ाइन, निर्माण और प्रचालन, मौजूदा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का पुन:स्थापन और उन्नयन 1 वर्ष तक डीएलपी प्लस 15 साल तक संचालन और रख-रखाव | 159.14 |
| 31 | 3 बीआर डी, धनास, चंडीगढ़ में स्मार्ट सिटी परियोजना के अन्तर्गत डिज़ाइन, निर्माण और प्रचालन, मौजूदा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का पुन:स्थापन और उन्नयन 1 वर्ष तक डीएलपी प्लस 15 साल तक संचालन और रख-रखाव | 125.56 |
| 32 | स्मार्ट स्कूलों में आधारभूत अवसंरचना का विकास करने के लिए अतिरिक्त कार्य | 1.11 |
| 33 | स्मार्ट सिटी मिशन के तहत 5 वर्षों की अवधि के लिए एबीडी क्षेत्र में सरकारी स्कूलों में स्मार्ट स्कूल के कार्यान्वयन के लिए अतिरिक्त कार्य और संचालन और रखरखाव | 1.05 |
| 34 | 3बीआरडी एसटीपी में सामग्री पुन: प्राप्ति सुविधा-सह-कचरा स्थानांतरण केंद्र के लिए एप्रोच रोड का निर्माण | 0.90 |
| | **कुल** | **1474.71** |

चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा दी गई जानकारी

**चल रही परियोजनाएं**

| क्र. स. | परियोजना का नाम | कुल लागत (करोड़ रुपए में) | वास्तिवक प्रगति (%) |
|---|---|---|---|
| 1 | 24*7 जल आपूर्ति- चंडीगढ़ | 60.77 | 5 |
| 2 | पशु शव के लिए इनसिनेरेटर | 1.82 | 0 |
| | **कुल** | **62.59** | |

चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा दी गई जानकारी

**अनुलग्नक - II**

**चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति के संबंध में दिनांक 12.12.2024 को उत्तर दिए जाने हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2768 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के प्रमुख परिणाम**

| क्र. सं. | परिणाम सूचक | संख्या |
|---|---|---|
| 1 | आईसीसीसी के माध्यम से संचालित सेवाओं की संख्या | 16 |
| 2 | नवंबर 2024 तक आईसीसीसी के माध्यम से सूचित यातायात उल्लंघन | 49.30 लाख |
| 3 | नवंबर 2024 तक आईसीसीसी के माध्यम से जारी किए गए ट्रैफ़िक चालान | 18.93 लाख |
| 4 | नवंबर 2024 तक सीसीटीवी निगरानी के माध्यम से आपराधिक मामलों में सहायता | 1,542 |
| 5 | डिजिटल प्लेटफॉर्म/मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से उपलब्ध कराई गई नागरिक सेवाओं की संख्या | 15 |
| 6 | ई-गवर्नेंस के माध्यम से संसाधित कुल आवेदन - ऑनलाइन बिल्डिंग प्लान अनुमोदन प्रणाली (ओबीपीएएस) | 3,843 |
| 7 | ई-गवर्नेंस से अर्जित राजस्व - ओबीपीएएस | 40.54 करोड़ रु. |
| 8 | निर्मित या नवीनीकृत शिक्षा सुविधाओं से लाभान्वित होने वाले छात्रों की संख्या, प्रतिवर्ष | 4,808 |
| 9 | एबीडी क्षेत्र में ई-कार्ट के उपयोग से लाभान्वित लोग | 4.67 लाख व्यक्ति |

चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा दी गई जानकारी

**अनुलग्नक - III**

**चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति के संबंध में दिनांक 12.12.2024 को उत्तर दिए जाने हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2768 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**03.12.2024 तक जलापूर्ति परियोजना मनीमाजरा, चंडीगढ़ के बजटीय आवंटन और किए गए व्यय का विवरण**

**(करोड़ रूपये में)**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | स्मार्ट सिटी प्रस्ताव (एससीपी) में प्रस्तावित | सीएससीएल द्वारा केपेक्स | 15 वर्षों के लिए एमसीसी द्वारा ओपेक्स | बजटीय आवंटन | आज तक का व्यय केपेक्स |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनीमाजरा चंडीगढ़ में एससीएम के तहत 24*7 जलापूर्ति प्रायोगिक परियोजना में ईपीसी मोड पर सिविल, इलेक्ट्रोमैकेनिकल, स्मार्ट मीटरिंग स्काडा सहित मौजूदा नेटवर्क की रेट्रोफिटिंग, नया नेटवर्क बिछाना शामिल है। | 166.06 | 74.76 | 91.30 | 74.76 | 57.90 |

चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा दी गई जानकारी